आज

चित्रकूट/जौनपुर

८

प्रयागराज, गुरुवार २९ अक्तूबर, २०२६

विद्युत पोल के सपोर्ट वायर में करण्ट से युवक की मौत

चित्रकूट। बरगढ़ थाना क्षेत्र के छितैनी मोड़ के पास एक बिजली के खंभे के पास शौचक्रिया के दौरान मऊ निवासी एक युवक करंट की चपेट में आ गया। यह देखते ही उसके साथी ने किसी तरह उसे वहां से हटाकर पुलिस सूचना दी। उसे अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

मऊ के भट्ठा आजाद नगर मोहल्ला निवासी लवकुश निषाद ने बताया कि उसका भतीजा गोलू निषाद (२५) मंगलवार की शाम को अहिरी गांव के दोस्त पिंटू के साथ छितैनी बरगढ़ गांव गया था। कौशांबी जिले के महिला गांव निवासी गोलू की मौसी के घर दहिनवारा कार्यक्रम है। इसके लिए गोलू छितैनी गांव में डांस पार्टी बुक करने गया था। छितैनी से लौटते समय रात लगभग आठ बजे जैसे ही गांव के बाहर मोड़ पर पहुंचे तो गोलू ने शौचक्रिया के लिए जाने की बात कही। वहीं पास में ही वह शौच क्रिया के लिए गया वहीं पर एक बिजली का खंभा लगा है और उसमें सपोर्ट तार भी जमीन में गडी है। एक तार वहां पर और गिरी पड़ी थी। अंधेरा होने से वह तार को नहीं देख पाया और करंट की चपेट में आ गया। यह देखते ही उसने किसी तरह गोलू को वहां से दूर कर यूपी ११२ को फोन किया। पुलिस ने आकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। बरगढ़ थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि बिजली के खंभे के पास ही युवक को करंट लगा है। इसी से उसकी मौत हो गयी। बुधवार को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

चोरों ने ताला तोड़कर चार लाख के जेवरात चुराये

चित्रकूट। बीती रात चोरो ने मकान के आधा दर्जन ताला तोड़कर अलमारी में रखे लगभग चार लाख रुपये के जेवरात चुरा ले गये। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कारवाई की गुहार लगायी है।

ये घटना मुख्यालय स्थित इंडियन बैंक के सामने की है। कर्वी माफी निवासी पीड़ित नागेन्द्र सिंह पुत्र हमेराज सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि घर का ताला बंद कर दूसरे घर चले गये थे। चोरो ने रात्रि में घर में घुसकर आधा दर्जन ताले तोड़कर रखी तीन अलमारी की सामग्री एवं सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गये। बताया कि लगभग चार लाख रुपये के जेवरात रखे थे। बताया कि ताला को कटर से काटा गया था। पीड़ित ने तहरीर में कारवाई की मांग की है।

चंदवक: संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की फंदे से लटककर मौत

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के बजरंग नगर चौकी अंतर्गत एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटककर मौत हो गयी।

मृतका की शिनाख्त दिव्या विश्वकर्मा (२८), पत्नी संदीप विश्वकर्मा निवासी बजरंग नगर के रूप में हुई है। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़ गयी है।

सूचना मिलने पर पहुंची बजरंग नगर चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। पुलिस पति एवं अन्य परिजनों से पूछताछ कर सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

पदुमपुर तिराहा लूटकांड का खुलासा दो शातिर गिरफ्तार, सामान बरामद

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पदुमपुर तिराहे पर हुई लूट की वारदात का पुलिस, एसओजी एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपितों की पहचान मुलायम यादव उर्फ विवेक और सनुप प्रजापति के रूप में हुई है, जबकि इनका तीसरा साथी किशन गौड़ फरार है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से ८,३०० रुपये नकद, पीड़ित का पहचान पत्र और बैंक कार्ड बरामद किए हैं। गौरतलब है कि २४ अक्टूबर की रात जमालपुर निवासी व्यवसायी दिलीप कुमार मौर्य जब दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तब बाइक सवार तीन बदमाशों ने असलहा दिखाकर उनसे नकदी एवं कागजात से भरा बैग लूट लिया था।

विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की शिष्टाचार भेंट

जौनपुर। बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने लखनऊ स्थित ५ कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने बदलापुर क्षेत्र की प्रमुख विकास परियोजनाओं और जनकल्याणकारी मुद्दों पर चर्चा की। विधायक ने आगामी 'बदलापुर महोत्सव' के अंतर्गत आयोजित होने वाले ११०० कन्याओं के भव्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए औपचारिक निमंत्रण पत्र भी सौंपा।

पुलिस लाइन में एक नवम्बर को लगेगा वृहद विधिक सहायता शिविर

जौनपुर। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार शशि के निर्देशानुसार आगामी ०१ नवंबर को पुलिस लाइन में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं प्राधिकरण के सचिव सुशील कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं सहायक उपकरण, कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत बीज एवं फलदार एवं फूलदार पौधों का वितरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों द्वारा संचालित रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी जायेगी और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का मौके पर ही पंजीकरण कराया जायेगा।



घटना का अनावरण करते एसपी।

सामूहिक दुराचार के मामले में वांछित ५० हजार का इनामिया गिरफ्तार

चित्रकूट। किशोरी से सामूहिक दुराचार में शामिल ५० हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया है। कब्जे से दो असलहे, दो बाइक, कारतूस एवं एक मोबाइल बरामद हुआ है। बदमाश के खिलाफ बांदा एवं मानिकपुर क्षेत्र में पांच मामले दर्ज हैं।बुधवार को राघव प्रेक्षागार स्थित एसपी कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होकर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि १३ जुलाई को मानिकपुर के झरी फाटक के पास जंगल में एक झरने के पास बाइक से स्थानीय एक प्रेमी जोड़ा घूमने पहुंचा था। वहां पर आरोपित बदमाश सुभाष उर्फ लाला अपने गांव करवई बांदा के साथी अखिलेश उर्फ जरैला और अखिलेश रैदास के साथ पहले से मौजूद थे। तीनों ने प्रेमी जोड़े को तमंचा दिखाकर पकड़ा और प्रेमी को बंधक बनाकर किशोरी से सामूहिक दुराचार किया था। इस मामले में प्रेमी गिदुरहा मानिकपुर निवासी जित्रू कोल को भी

असलहे एवं कारतूस बरामद

दोषी माना गया था। इन तीन को पुलिस पहले की गिरफ्तार कर चुकी थी। बांदा के करवई निवासी सुभाष उर्फ लाला वर्मा लगातार पुलिस से बच रहा था। इस पर डीआईजी द्वारा ५० हजार का इनाम घोषित किया गया था।मंगलवार की रात को मुखबिर की सूचना पर मानिकपुर थाना प्रभारी अजीत पांडेय और एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी की टीम ने चूल्ही गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी की। बाइक से सुभाष को जाते देख पुलिस ने पीछा किया तो वह दूसरी दिशा में बाइक लेकर भागा। कुछ ही दूरी पर उसे पुलिस ने पकड़ लिया। इसके पास चोरी की दो बाइक, चोरी का मोबाइल, एक देशी रायफल, एक चिडिया मारने वाली बंदूक छह कारतूस बरामद हुए हैं।

भारी वर्षा एवं वज्रपात की चेतावनी: जौनपुर में आपदा प्रबंधन अलर्ट, एडवाइजरी जारी

जौनपुर। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती तंत्र के प्रभाव से २८ से ३० अक्टूबर के मध्य भारी वर्षा, तेज झोंकेदार हवाओं और आकाशीय बिजली की प्रबल संभावना जताई गयी है। इसके मद्देनजर जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन तंत्र पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है।राहत आयुक्त के निर्देशानुसार जिला आपदा कंट्रोल रूम को २४ घंटे क्रियाशील किया गया है। समस्त एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस, स्वास्थ्य एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिये गये हैं। कृषि विभाग को किसानों को कटाई योग्य फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में जर्जर भवनों को चिह्नित कर नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिये हैं। प्रशासन ने आमजन से खराब मौसम में खुले मैदानों, जलभराव वाले क्षेत्रों एवं ऊंचे पेड़ों के नीचे आश्रय न लेने तथा 'दामिनी ऐप' के माध्यम से मौसम की पूर्व चेतावनी का पालन करने की अपील की है।

दीपावली मेले की तैयारियों को लेकर एडीएम ने की समीक्षा

चित्रकूट। दीपावली मेले की तैयारियों के संबंध में एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव एवं एडीएम न्यायिक डा. कंचन द्वारा समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मेले से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।बैठक में अपर जिलाधिकारियों ने निर्देशित किया कि मेले के आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को जाये दायित्व सौंपे गये हैं उनका अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाये। सभी संबंधित अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराएं। साथ ही कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करते हुए आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया जाये। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को विशेष रूप से निर्देशित किया कि रामघाट क्षेत्र में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मेले के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी की जाये। एडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिवाली मेले के सफल, सुव्यवस्थित एवं सुचारु आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

युवती ने जहर निगलकर खत्म की इहलीला

चित्रकूट। कमरा बंद कर युवती ने जहरीला पदार्थ निगलकर जान दे दी। घटना से परिवार में शोक छा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। युवती का मोबाइल जांच के लिए पुलिस ने लिया है। मामला रैपुरा थाना क्षेत्र के इटवा गांव का है। गांव निवासी छोटा प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को घर में अकेली उसकी भतीजी संगीता देवी (१८) थी। परिजन अपने काम से घर के बाहर थे। शाम को जब वह लौटा तो संगीता को खाना बनाने के लिए आवाज दी लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। कमरा भी अंदर से बंद था। पीछे के रास्ते से कमरे के अंदर जाकर देखा तो वह चारपाई पर पड़ी थी और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। आनन फानन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। खुदकुशी के पीछे किसी कारण की जानकारी स्वजन नहीं दे पा रहे हैं। मां का १६ साल पूर्व ही बीमारी के चलते निधन हो चुका है। वह एक भाई एवं दो बहन में बड़ी थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। उसका मोबाइल जांच के लिए पुलिस ने रखा है।

जन शिकायतों के निस्तारण में विलंब पर होगी कारवाई-एसपी

गूगल मीट के जरिये थाना, चौकी एवं हल्का प्रभारियों को जारी की चेतावनी

चित्रकूट। एसपी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के लिए गूगल मीट के माध्यम से बैठक की। शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। शिकायतों की संख्या में वृद्धि पाये जाने पर संबंधित थाना प्रभारियों को चेतावनी दी है। एसपी अरुण कुमार सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के लिए गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों एवं हल्का प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान माह अगस्त, सितंबर एवं अक्तूबर २०२६ में मुख्यमंत्री संदर्भ, आनलाइन संदर्भ, पीजी पोर्टल एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गयी। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्ळैं पोर्टल पर प्राप्त होने वाले समस्त संदर्भों की नियमित रूप से निगरानी की जाये तथा प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। विशेष रूप से निर्देश दिये गये कि सभी थाना प्रभारी अपने थानों पर प्राप्त शिकायतों की प्रतिदिन समीक्षा करें तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न होने दें। शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए नियमानुसार आवश्यक कारवाई की जाए, जिससे आमजन को समय से न्याय मिल सके तथा पुलिस के प्रति जनविश्वास और अधिक मजबूत हो।

समीक्षा के दौरान जिन थानों में प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों की संख्या में वृद्धि परिलक्षित हुई उन थानों के संबंधित प्रभारियों को चेतावनी निर्गत की गयी। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिये गये कि शिकायतों की संख्या में अनावश्यक वृद्धि होने अथवा संदर्भों के निस्तारण में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित थाना प्रभारी की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कारवाई की जायेगी। पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए प्रभावी कारवाई सुनिश्चित करें। शासन की जन शिकायत निस्तारण व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करें।

मेगा सहायता एवं सेवा शिविर प्रचार वाहन को दिखायी हरी झंडी

एक नवम्बर को राष्ट्रीय रामायण मेला में होगा वृहद आयोजन

चित्रकूट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार पंचम, राहुल मिश्रा प्रथम अपर जिला जज, अनुराग कुरील अपर जिला जज एफटीसी नोडल अधिकारी मेगा कैम्प., गीता सिंह विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एवं रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने मेगा सहायता एवं सेवा शिविर के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

अग्रणी बैंक के तत्वावधान में प्रचार वाहन के माध्यम जागरूकता रैली कर्वी नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये एक नवम्बर को आयोजित होने वाले मेगा वृहद सहायता एवं सेवा शिविर का प्रचार करते हुये ग्रामीण क्षेत्रों में भी आम जनमानस को जागरूक किया गया। अपर जिला जज नोडल अधिकारी लोक अदालत अनुराग कुरील ने बताया कि शिविर का आयोजन राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर में किया जाना है। जिसमें सरकार द्वारा संचालित ४४ विभाग प्रतिभाग करेगें। इस मेगा कैम्प का मुख्य उद्देश्य आमजन को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विधिक सेवाओं एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है तथा समस्त विभागों द्वारा जागरूकता कैम्प के माध्यम से पात्र व्यक्तियों यथा निर्बल वर्ग, बच्चो, स्त्रियों, निर्धनवर्ग तथा अनुसूचित जाति जनजाति आदि को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही मौके पर ही आवश्यक सहायता प्रदान की जायेगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधरी ने बताया कि मेगा सहायता एवं सेवा शिविर की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैंकों एवं पराविधिक स्वयं सेवकों के सहयोग से प्रचार प्रसार एवं आमजन मानस को जागरूक करने के लिये रैली निकाली गयी। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज, वर्णिका शुक्ला अपर सिविल जज, अश्वनी कुमार उपाध्याय सिविल जज, अंशुमान यादव अतिरिक्त सिविल जज, विदिशा भूषण सिविल जज, सृष्टि शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, प्रभात कुमार मेहता अग्रणी प्रबन्धक इण्डियन बैंक, सुरेन्द्र कुमार जिला सूचना अधिकारी सहित जनपद न्यायालय में कार्यरत कर्मचारी, अधिवक्ता तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत समस्त पैरालीगल वालेण्टियर्स उपस्थित रहे।

अपराध समीक्षा गोष्ठी में एसपी ने मातहतों के कसे पेंच

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं एएसपी पीयूषकांत राय की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में अपराध समीक्षा गोष्ठी संपन्न हुई।गोष्ठी में सैनिक सम्मेलन आयोजित कर अधिकारी, कर्मचारियों के समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली गयी तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त गोष्ठी में उपस्थित समस्त थाना, चौकी एवं शाखा प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा एवं मूल्यांकन किया गया। अपराध नियंत्रण, विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। कहा कि अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछितों की गिरफ्तारी तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

साथ ही कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत करने के लिए संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। गोष्ठी में सीओ सिटी सत्येन्द्र सिंह, सीओ मऊ फहद अली, सीओ राजापुर यामीन अहमद, सीओ कार्यालय करिश्मा गुप् ता, सर्वेलांश प्रभारी एमप त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, वाचक पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक सोशल मीडियाध्साइबर सेल विजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

बदलापुर नगर पंचायत में इंटरलाकिंग सड़क निर्माण का भूमि पूजन

जौनपुर। नगर पंचायत बदलापुर में जनसुविधाओं के विस्तार के तहत बुधवार को अध्यक्ष प्रतिनिधि वैभव सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इंटरलाकिंग सड़कों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

यह निर्माण कार्य वार्ड संख्या ८ (भलुआही) में भैयालाल निगम के मकान से सगीर होते हुए नजीर के मकान तक, मक्खन गुप्ता की दुकान से रिजवान के मकान होते हुए घनश्याम निगम की दुकान तक तथा वार्ड संख्या ३ (बरौली) में विजय बहादुर के मकान से भोला गुप्ता के मकान तक कराया जायेगा। इस अवसर पर वैभव सिंह ने कहा कि नगर पंचायत को स्वच्छ, सुंदर और बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ओटीडी सेल की बैठक में अर्थव्यवस्था बढ़ाने पर दिया जोर

चित्रकूट। जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और प्रदेश को वन ट्रिलियन डालर इकोनामी बनाने के लक्ष्य में योगदान देने के लिए विकास योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

नवीन सभागार सोनेपुर में प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचाने के साथ ही उद्योग, व्यापार, कृषि और पर्यटन की संभावनाओं को भी गति दी जाये।

बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने जिले की अर्थव्यवस्था की खडीय संरचना का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों की प्रगति से समिति को अवगत कराया।


इसके बाद प्रभारी जिलाधिकरी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को सब्जी उत्पादक किसानों के क्लसटर बनाने का निर्देश दिया।

इसका उद्देश्य अधिक से अधिक किसानों को प्रोत्साहित कर कृषि उत्पादन और उससे जुडी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यार्थियों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

ताकि युवा तकनीकी रूप से दक्ष होकर रोजगार के बेहतर अवसर हासिल कर सकें। जिला पर्यटन अधिकारी को पर्यटन स्थलों का प्रचार प्रसार बढ़ाकर पर्यटकों की संख्या में वृद्दि करने को कहा गया। विभागों को योजनाओं में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कृषि, व्यापार, परिवहन, शिक्षा और पर्यटन के जरिए जिले की आर्थिक गतिविधियों को मजबूत करने तथा वन ट्रिलियन डालर इकोनोमी के लक्ष्य में प्रभावी योगदान देने पर जोर दिया गया।

ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षामें ११० खिलाड़ियोंने लिया हिस्सा

सफेदसे लेकर ब्लैक बेल्ट तकके खिलाड़ियोंने दिखायी प्रतिभा



कौशाम्बी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में १८ अक्तूबर को पंडित रामचंद्र मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल, पीपल गांव में कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में लगभग ११० खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक, कौशल और दक्षता का प्रदर्शन किया। परीक्षा में विभिन्न बेल्ट श्रेणियों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। पीली बेल्ट के लिए सफल खिलाड़ी-अग्रिम गोंद, कनिष्क यादव, आरती विश्वकर्मा, अस्तविति जयंत, आलिया जाओ, रिया कुमारी, अंशिका, हलीमा फातिमा, अनमोल, खुशी, आस्था जौहरी, यशिका तेली, आस्था, शिवांगी, माही शर्मा, अभिराज सिंह, अनुष्का साहू, संस्कृति, माही सिंह, धारा सिंह, उन्नति सिंह, अर्नव सिंह, शिवांश मिश्रा, ईवा, दिवा सिंह, शुभम पाल, वेदिका साहू, आदिति उपाध्याय, प्रियांशु पाल, अम्बिका साहू, वानी यादव, आयुषी पाल, शौर्य यादव, सोनाली आर्य, दिशा अग्रवाल, आर्यन पाल, अयान खान, हमजा खान, सेरेश भट्ट, आराध्या यादव, रेयांश मौर्य, अन्वी सिंह, वैष्णवी यादव, सुमित, समीर कुमार, नियाना सिंह, तन्वी और रिद्धिमान शाह। हरी बेल्ट-सौम्या पाल, दिविजा चौधरी, अकुल के. चौधरी, चैतन्य सिंह, वैदेही राय, दृष्टि मौर्य, सिद्धि दुबे, सास्वत साहा, वागमीने यादव, शिखर श्रीवास्तव, अद्विक शर्मा, ओमिशा यादव, देवर्ग्य भट्टाचार्य, नित्यश्री मजुमदार और अनिष्का मौर्य। हरी एक बेल्ट-तेजस कुशवाहा, अद्विका सिंह, अवयान सिंह और राघव सिंह, नीली बेल्ट-सिया यादव, अंशा सिंह, आदिदेव प्रताप सिंह, अन्वेशिका सिंह और अक्षिता यादव, नीली एक बेल्ट-वंतिका यादव अर्श, राज नंदिनी, शास्वत सिंह, अद्भुत कुमार कनौजिया और विनायक पुरी, लाल बेल्ट-पीयूष कुमार, लाल एक बेल्ट-उत्कर्ष पाण्डेय, ब्लैक बेल्ट-अग्रिम तिवारी, अंशिका शर्मा और आरुष विश्वकर्मी। परीक्षा के मुख्य निर्णायक कौशाम्बी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव कामेश शर्मा रहे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग सिंह, सीनियर खिलाड़ी शिविका अग्रवाल, इम्तियाज उल्ला, आशीष आर्य, नकुल तिवारी, राजेश भगत और आनंद राय मौजूद रहे।

एमआईसी ए को हराकर रेलगांव क्लब बना चैम्पियन

सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता



रेल गांव क्लब ने एमआईसी ए को आठ विकेट से हराकर सैयद असद कासिम स्मृति अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में एमआईसी ए ने १८ ओवर में ५७ रन (नितीश कुमार १५, रेहान खान नाबाद १२, रेहान वहाजत ४/१२, आयुष्मान वर्मा ३/१३, मोहम्मद अकसम अली २/१०) बनाये। जवाब में रेलगांव कूब ने ८.४ ओवर में दो विकेट पर ५८ रन (हर्षित जी सहाय नाबाद ३७, मोहम्मद अकसम अली १९, नीतीश कुमार १/०८, अंश सिंह १/१३) बना लिए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीके नारायण (पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग) एवं विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित एवं उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल ट्रिब्यूनल के सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार मोहम्मद अशरफ ने पुरस्कार वितरित किए। रेहान वजाहत को मैन आफ द मैच एवं बेस्ट बालर, शादान अब्बास रिजवी को बेस्ट बैटर, सूरज चौहान को बेस्ट फील्डर और जैदी क्लब ए के हर्षित तिवारी को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। समारोह में यूपी अंडर-१९ महिला क्रिकेट टीम की कोच शेफाली साहू को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के संरक्षक गौहर काजमी, अध्यक्ष शाहीन काजमी, उपाध्यक्ष लियाकत अली, महासचिव शाहिद अस्करी ने अतिथियों का स्वागत एवं आयोजन सचिव शमशाद अहमद ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन अरशद अल्वी ने किया। इस मौके पर पूर्व रणजी क्रिकेटर अमीर खान, असलम अली, मसूद खान, जावेद खान, गिरधारी मिश्र, देवेश मिश्र, परवेज आलम, इम्तियाज करीम, संतोष कुमार यादव, शमशेर अली, अकील अब्बास रिजवी, एम नकवी, जावेद अहमद, दानिश अली, अंजुम परवेज, जुल नूरैन, शाहबाज अली आदि मौजूद रहे। मैचमें शिशिर मल्होत्रा एवं राहुल सिंहने अंपायरिंग और खुर्शीद अहमद एवं मोहम्मद नबीने स्कोरिंग की।

पैराकेनो चैम्पियनशिपमें यश-निशाका उत्कृष्ट प्रदर्शन



भोपाल (मध्य प्रदेश) लोअर लेक में आयोजित १९वीं राष्ट्रीय पैरा कैनो चैंपियनशिप में आगरा उत्तर प्रदेश निवासी यश कुमार व निशा रावत ने राज्य का गौरव बढ़ाया है। यश कुमार ने २०० मीटर केएल (१) श्रेणी में स्वर्ण पदक तथा २०० मीटर वीएल (१) श्रेणी में कांस्य पदक जीता। निशा रावत ने २०० मीटर महिला केएल-२ श्रेणी में कांस्य पदक तथा २०० मीटर महिला वीएल-३ श्रेणी में कांस्य पदक प्राप्त किया।

इस प्रकार उत्तर प्रदेश को कुल एक स्वर्ण एवं तीन कांस्य पदक प्राप्त हुए।इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के (सचिव)अंदेश्वर पांडे, (संयुक्त सचिव) आरएस बेदी उत्तर प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग के (अध्यक्ष) सुरेश गुप्ता, (उपाध्यक्ष) उपेंद्र कुमार, उमंग अग्रवाल, (सचिव) त्रिभुवन निषाद, (संयुक्त सचिव) अशोक कुमार, प्रशांत श्रीवास्तव, जेसिका आनंद, गुलाब चंद, क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी शिवकुमार यादव, संजय श्रीवास्तव, नीरज निषाद, सरिता निषाद, आकांक्षा संजय श्रीवास्तव, अमित कुमार, प्रयागराज वेलफेयर कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप गुप्ता, संतोष चौधरी, नीरज कपूर, अजय खन्ना इंटरनेशनल खिलाड़ी तरूणा निषाद, नितिन कुमार चंद्रा, श्रीमती आरती सक्सेना, श्रीमती विनती अग्रवाल, अल्पना बनर्जी, श्रीमती मनीषा गुप्ता, श्रीमती कमला निषाद, श्रीमती पूजा कपूर, श्रीमती भावना केसरवानी आदि ने बधाई दिया। दोनों पदक विजेताओं को भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई दिया।

उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन के सचिव ने दिया।

महिला तैराकीका चयन-ट्रायल कल

जिला एवं मण्डल स्तरीय महिला तैराकी चयन-ट्रायल्स चार नवंबर से पांच नवंबर तक रायबरेली में प्रदेश स्तरीय महिला तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने

प्रयागराज खेल

वाले जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन-ट्रायल ३० अक्तूबर को स्वीमिंग पूल जार्जटाउन में होगा। महिला तैराकी का ट्रायल जिलास्तर पर पूर्वान्ह दस बजे और मंडल स्तर पर पूर्वान्ह ११ बजे किया जायेगा। ट्रायल में भाग लेने वाले महिला खिलाडी की आयु अण्डर-२५ वर्ष हो, वह पात्र होंगे। इसलिए ट्रायल में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी अपने आधार कार्ड, नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड, एड्रेस प्रूफ, पोसपोर्ट साइज फोटो के साथ उक्त आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर चयन-ट्रायल में भाग ले सकते है।

स्केटिंग प्रतियोगितामें प्रयागराजके खिलाड़ियोंने जीते सात पदक



मेरठ में २३ अक्तूबर से २७ अक्तूबर तक मेरठ में आयोजित १२ यू पी स्टेट स्पीड स्केटिंग चैम्पियनशिप में प्रायगराज स्केटिंग टीम ने जीते कुल ७ पदक् जीते। प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से कुल ४८ जिलों की टीम ने प्रतिभाग किया जिसमे करीब ७०० से अधिक खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया। रफ्तार के इस खेल में प्रयागराज से सभी आयुवर्गों के बालक और बालिका वर्ग के कुल १९ खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया ।जिसमे प्रयागराज की स्पीड स्केटिंग टीम ने कुल ७ पदक हासिल किय। अंडर १८ बालक वर्ग इनलाइन स्केटिंग में श्रेयांश राव ने तीन पदक जीते। रिंक रेस डुवल टाइम ट्रायल २०० मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। रिंक रेस ५०० मीटर में तीसरा स्थान मिला और रिंक रेस १००० मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अंडर १८ बालक वर्ग इनलाइन स्केटिंग में ओजस्व श्रीवास्तव ने २ पदक प्राप्त किये। रोड रेस पी टी पी १०००० मीटर में तीसरा स्थान हासिल किया और रोड रेस एलिमिनेशन १५००० मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग अंडर १२ क्वाड स्केटिंग में त्रिशा त्रिपाठी ने २ पदक अपने नाम किए। रिंक रेस २००डी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और रिंक रेस ५०० मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जार्जटाउन स्केटिंग रिंक के स्केटरों और इन सभी पदक विजेताओं को प्रयागराज रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष देश रतन चौधरी उपाध्यक्ष प्रवीर मिश्रा, अनुराग त्रिपाठी उप सचिव शुभम सिंह, राधे मोहन बिंद, जितेंद्र प्रजापति, कमरूल अली संघटनमंत्री प्रिया आगा, कोषाध्यक्ष विनोद शुक्ला, मीडिया प्रभारी सोनिका गुप्ता और राहुल यादव, परमानंद कुशवाहा, अश्वनी कुमार, कुलदीप गुप्ता और महासचिव हर्ष गुप्ता ने इन सभी को सम्मानित किया और इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आभार व्यक्त किया।

डीएफए के पूर्व उपाध्यक्षकी पत्नीका निधन



पूर्व उपाध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट फुटबाल एसोसिएशन एवं यंगस्टर्स क्लब तेज नारायण मिश्रा की पत्नी सावित्री देवी का बुधवार को उनके निवास पर निधन हो गया। उनके दो पुत्र आनंद मिश्रा और दिनेश मिश्रा ने अंतिम संस्कार किया। नारायण जी गोपाल के शहराराबाग निवास पर यंगस्टर्स क्लब के सोमनाथ चंदा, प्रमोद सिंह, अशोक सिंह, संजीव चंदा, अभिनव गोपाल एवं अन्य सदस्यों ने शोक सभा कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।